# Special Agro Advisory Bulletin

## (ICAR-CIARI, Sri VijayaPuram)

**(Valid for: 18 to 22 May, 2026)**

**State: Andaman and Nicobar Islands** **Issue Date: 18/05/2026**

**Weather Warning:**

Heavy Rainfall very likely during 18th to 22nd May 2026; Thunderstorm, lightening and squally winds (50-60 Kmph) on 18th May and gusty winds (40-50 kmph) during 19th to 22nd May 2026 over Andaman & Nicobar Islands.

**Special Agro Advisory:**

| Crops / Livestock | Crop / Livestock Stage | Likely Impact / Damage due to Heavy / Very Heavy Rainfall or Strong Winds | Agro Advisory |
|---|---|---|---|
| Coconut | Harvesting / mature nut stage | Heavy rainfall and strong winds may result in premature nut fall, frond breakage, waterlogging around the root zone, and germination of fallen mature nuts in the field, reducing marketable produce. | Heavy rainfall accompanied by winds (50–60 kmph) may cause mature nut fall and damage to fronds. Collect matured nuts immediately from the field to avoid sprouting and post-harvest losses. Ensure proper drainage around palms to prevent water stagnation and root stress. Avoid climbing coconut trees during thunderstorms and strong wind conditions. |
| Banana / Papaya | Fruit development stage | Strong winds and prolonged rainfall may cause lodging, stem bending, root exposure, fruit drop, and increased disease incidence due to prolonged humidity. | Gusty winds and continuous rainfall may lead to plant lodging and root damage in banana and papaya plantations. Provide firm staking support using bamboo poles and maintain effective drainage to avoid waterlogging and root rot. Remove damaged or diseased leaves and fallen plant parts to reduce fungal infection under humid conditions. |
| Poultry | Day-old chick stage | Prolonged wet and humid conditions may increase cold stress, respiratory infections, reduced feed intake, and mortality among chicks. | Continuous rainfall and high humidity may increase chick stress and disease incidence. Maintain proper ventilation while preventing direct rainwater entry into sheds. Keep litter dry, avoid waterlogging around poultry shelters, and provide clean drinking water and balanced feed. Monitor chicks regularly for respiratory symptoms and maintain brooding temperature as per requirement. |
| Fish | Pond culture (active growth stage) | Rainwater runoff may alter pond water quality by lowering pH, reducing dissolved oxygen, increasing turbidity, and causing fish stress or escape during overflow. | Heavy rainfall may adversely affect pond water quality and fish health. Apply lime around pond bunds where necessary to stabilize pH and strengthen pond embankments to prevent overflow and fish escape. Avoid overfeeding during cloudy weather and monitor fish behaviour regularly. Maintain drainage channels to minimize entry of contaminated runoff and organic debris into ponds. |

# विशेष कृषि परामर्श बुलेटिन

## (ICAR-CIARI, श्री विजयपुरम)

(समयावधि: 18 से 22 □□, 2026)

राज्य: अंडमान और निकोबार द्वीप समूह जारी करने की तिथि: 18/05/2026

**मौसम की चेतावनी:**

18 से 22 मई 2026 के दौरान भारी वर्षा होने की प्रबल संभावना है; अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर 18 मई को गरज, बिजली चमकने और तेज़ हवाएँ (50-60 किमी/घंटा) तथा 19 से 22 मई 2026 के दौरान झोंकेदार हवाएँ (40-50 किमी/घंटा) चल सकती हैं।

**विशेष कृषि सलाह:**

| फसल / पशुधन | फसल / पशुधन अवस्था | भारी / बहुत भारी / अत्यधिक वर्षा या तेज़ हवा से संभावित प्रभाव / नुकसान | कृषि परामर्श |
|---|---|---|---|
| Coconut (नारियल) | कटाई / परिपक्व फल अवस्था | भारी वर्षा एवं तेज़ हवाओं के कारण परिपक्व नारियल गिर सकते हैं, पत्तियाँ (फ्रॉन्ड) टूट सकती हैं तथा जड़ क्षेत्र में जलभराव हो सकता है। गिरे हुए परिपक्व नारियल खेत में अंकुरित होकर उपयोग योग्य उपज की हानि कर सकते हैं। | भारी वर्षा एवं 50–60 किमी/घंटा की तेज़ हवाओं के दौरान परिपक्व नारियल शीघ्र एकत्र करें ताकि अंकुरण एवं उपज हानि से बचा जा सके। पेड़ों के आसपास उचित जल निकासी सुनिश्चित करें ताकि जलभराव न हो। आंधी, बिजली चमकने एवं तेज़ हवा की स्थिति में नारियल के पेड़ों पर चढ़ने से बचें। |
| Banana (केला) / Papaya (पपीता) | फल विकास अवस्था | तेज़ हवाओं एवं लगातार वर्षा के कारण पौधों के गिरने (लॉजिंग), तना झुकने, जड़ों के बाहर आने, फल गिरने तथा अधिक नमी के कारण रोग बढ़ने की संभावना रहती है। | तेज़ हवा एवं लगातार वर्षा के दौरान पौधों को सहारा देने हेतु मजबूत बाँस की खूंटियों का उपयोग करें। खेत में जल निकासी की उचित व्यवस्था बनाए रखें ताकि जड़ सड़न एवं जलभराव से बचा जा सके। क्षतिग्रस्त एवं रोगग्रस्त पत्तियों को हटाकर फफूंदजनित रोगों के प्रसार को कम करें। |
| Poultry (मुर्गी पालन) | नवजात चूजा अवस्था | लगातार वर्षा एवं अधिक नमी से चूजों में ठंड का तनाव, श्वसन रोग, कम आहार ग्रहण एवं मृत्यु दर बढ़ सकती है। | पोल्ट्री शेड को सूखा रखें तथा वर्षा का पानी अंदर न आने दें। उचित वेंटिलेशन बनाए रखें, परंतु ठंडी हवा एवं बारिश से सीधे संपर्क से बचाएँ। सूखी बिछावन (लिटर) बनाए रखें, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएँ तथा नियमित रूप से चूजों की स्वास्थ्य निगरानी करें। |
| Fish (मत्स्य पालन) | तालाब आधारित पालन (सक्रिय वृद्धि | भारी वर्षा के बहाव से तालाब का pH कम हो सकता है, घुलित ऑक्सीजन घट सकती है, पानी गंदला हो सकता है तथा मछलियों में तनाव या | भारी वर्षा के दौरान तालाब की मेड़ों को मजबूत करें ताकि पानी बहकर बाहर न जाए। आवश्यकता अनुसार तालाब के किनारों पर चूना डालें जिससे पानी की गुणवत्ता संतुलित रहे। बादल वाले मौसम में |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | अवस्था) | तालाब से बाहर निकलने का खतरा बढ़ सकता है। | अधिक चारा न दें तथा मछलियों की गतिविधियों की नियमित निगरानी करें। तालाब में बाहरी गंदे पानी एवं जैविक अवशेषों के प्रवेश को रोकने हेतु जल निकासी की व्यवस्था बनाए रखें। |